# व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
# (बी. बी. ए.)

**सत्रीय कार्य**
**2024**

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2024 से 30th दिसम्बर, 2024

**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68**

**व्यवसाय प्रशासन में स्नातक**

**(बी. बी. ए.)**

**सत्रीय कार्य 2024**

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BCOC-131, BCOC-133, ECO-07 और BRL-113 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2024 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2024 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2024 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2024 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -131** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **वित्तीय लेखाकरण** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ.सी.-131/टी. एम. ए./2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड – क

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)**

**1.** लेखाकरण की गुणात्मक विशेषताएं क्या है ? संक्षिप्त में विवेचना कीजिए। **(10)**

**2.** दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? उसकी इकहरा लेखा प्रणाली से तुलना कीजिए। **(10)**

**3.** लेखांकन मानकों से क्या तात्पर्य है ? लेखांकन मानकों को निर्गमित करने की कार्यविधि का वर्णन कीजिए। **(10)**

**4.** निम्नलिखित लेन – देन रोजनामचे में दर्ज कीजिए। **(10)**

| 2018 | | रु. |
|---|---|---|
| जून 1 | अशोक को नकद बिक्री | 18,000 |
| जून 2 | विनोद दे माल ख़रीदा | 10,000 |
| जून 2 | इस माल पर दुलाई (cartage) का भुगतान किया | 200 |
| जून 3 | पुराने अख़बारों की बिक्री से प्राप्त | 100 |
| जून 4 | चेक द्वारा नगरपालिका करों (municipal taxes) का भुगतान किया | 900 |
| जून 4 | मशीनरी की मरम्मत के लिए भुगतान किया | 600 |
| जून 8 | चेक द्वारा कमीशन प्राप्त किया | 1,700 |

**5.** यह मानते हुए कि निलंबित खाता खोला जा चुका है, निम्न अशुद्धियों का शोधन कीजिए।

1. एन्थनी एंड कम्पनी से क्रय लिए गए 8,000 रु. के मूल्य के माल की प्रविष्टि क्रय बही में नही की गई।

2. श्री राय से प्राप्त 500 रु. की रकम को श्री रेय के खाते में क्रेडिट कर दिया गया।

3. गोपाल को किए गए 600 रु. के विक्रय को उसके खाते में 6,000 रु. से डेबिट कर दिया गया।

4. 1,000 रु. के वेतन भुगतान को गलती से मजदूरी खाते में डेबिट कर दिया गया।

5. ब्याज के रूप में प्राप्त 450 रु. को गलती से कमीशन खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाया गया।

6. क्रय वापसी बही (Returns Outword Book) का योग 560 रु. था जिसकी खतौनी लेजर में

नहीं की गई।

7. राकेश को किए गए 250 रु. के उधार विक्रय को  गलती से उसके खाते में क्रेडिट कर दिया गया।

8. मधु को किये गये 520 रु. के उधार विक्रय  को उसके खाते में गलती से 250 रु. डेबिट कर दिया गया।

9. कैलाश से 400 रु. के उधार क्रय को उसके खाते में डेबिट कर दिया गया।

10. रोकड़ बही के प्रदत्त छूट कालम का योग गलती से 304 रु. के बजाय 403 रु. से आगे ले जाया गया।

**खण्ड – ख**

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।  प्रत्येक प्रश्न 6 अंक के हैं)**

**6.** अवक्रय करार की क्या विशेषताएं हैं। **(6)**

**7.** "प्रेषण  ठीक वैसा ही है जैसा कि विक्रय"  व्याख्या कीजिए। **(6)**

**8.** भार किसे कहते हैं ? आप इसकी गणना किस प्रकार करतें हैं ? उदाहरण देकर समझाइए। **(6)**

**9.** संयुक्त उपक्रम के मुख्य लक्षण बताइए। इसका प्रेषण से अंतर बताइए। **(6)**

**10.** टैली के घटकों को समझाइए। **(6)**

**खण्ड – ग**

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।  प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं)**

**11.** लेखाकरण के कार्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। **(5)**

**12.** Ind – AS: 101  के क्या अभिलक्षण हैं? व्याख्या कीजिए। **(5)**

**13.** अवक्रय करार के अंतर्गत  अवक्रेता के अधिकारों का वर्णन कीजिये। **(5)**

**14.** सामान्य हानि तथा असामान्य हानि में क्या अंतर है ? उदाहरण देकर समझाइए। **(5)**

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -133** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **व्यावसायिक सन्नियम** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ.सी.-133/टी. एम. ए./2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड - क

**1.** प्रस्ताव, स्वीकृति एवं खंडन के संप्रेषण संबंधी नियमों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। क्या कोई ऐसी समय अवधि है जिसके बाद प्रस्ताव का खंडन नहीं किया जा सकता है? **(10)**

**2.** निम्नलिखित में अंतर बताइए : **(10)**

(क) बल प्रयोग तथा अनुचित प्रभाव

(ख) कपट तथा मिथ्यावर्णन

**3.** प्रतिफल की अपर्याप्तता महत्वहीन है, लेकिन एक वैध अनुबंध के लिए वैध और वास्तविक प्रतिफल आवश्यक है।' टिप्पणी कीजिए । **(10)**

**4.** सांझेदारों के विभिन्न प्रकारों की गणना कीजिए और उनके दायित्व की सीमा संक्षेप में बताइए । **(10)**

**5.** "माल को कोई भी विक्रेता, क्रेता को स्वयं से श्रेष्ठ अधिकार नहीं सौंप सकता" । इस नियम की व्याख्या कीजिए । क्या इस नियम के कुछ अपवाद हैं ? **(10)**

### खण्ड – ख

**6.** प्रस्ताव की परिभाषा कीजिए। वैध प्रस्ताव के आवश्यक लक्षण बताइए । **(6)**

**7.** गलती की परिभाषा कीजिए तथा गलती के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए । **(6)**

**8.** फर्म के विघटन पर सांझेदारों के अधिकार एवं दायित्वों की व्याख्या किजिए । **(6)**

**9.** पूर्वाधिकार तथा माल को मार्ग में रोकने के अधिकार में अंतर स्पष्ट कीजिए । **(6)**

**10.** गिरवी से क्या आशय है ? इसके आवश्यक लक्षण बताइए । **(6)**

### खण्ड – ग

**11.** अदत्त विक्रेता की परिभाषा कीजिए । उसके क्या अधिकार हैं ? **(5)**

**12.** व्यापार में रूकावट डालने वाला करार व्यर्थ है । इस कथन की जांच कीजिए, कोई अपवाद हो तो बताइए। **(5)**

**13.** सीमित दायित्व सांझेदारी का सांझेदार कौन नहीं हो सकता है ? **(5)**

**14.** एक वैध विक्रय अनुबंध की आवश्यक विशेषताएं स्पष्ट कीजिए । **(5)**

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम का कोड : ई. सी. ओ. -07**

**पाठ्यक्रम का शीर्षक :** सांख्यिकी के तत्व

**सत्रीय कार्य का कोड : ई. सी. ओ. -07/टी. एम. ए./ 2023-2024**

**खण्डों की संख्या : सभी खण्ड**

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** (क) निम्न समंको से मानक विचलन तथा प्रसरण का परिकलन कीजिये। (10+10)

| x : | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 | 22 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| f : | 3 | 5 | 9 | 16 | 8 | 7 | 2 |

(ख) विचरण गुणांक क्या होता है ? विचरण के एक माप के रप में इसका क्या कार्य है ? यह प्रसरण से किस प्रकार भिन्न है ।

**2.** प्रतिचयन किसे कहते हैं ? प्रतिचयन की विभिन्न विधियों की व्याख्या कीजिए । संगणना सर्वेक्षण की तुलना में, प्रतिदर्श सर्वेक्षण क्यों अधिमान्य है? व्याख्या कीजिए। (20)

**3.** प्राथमिक आंकड़ों के संकलन में किसी अनुसंधानकर्ता को प्राय: जिन समस्याओं का सामना करना पडता है उनका वर्णन कीजिए । प्राथमिक आंकड़ों के संकलन की विभिन्न विधियाँ स्पष्ट कीजिए तथा उनके लाभ और हानियाँ भी बताइए। (20)

**4.** (क) एक मोटरगाड़ी वाले ने तीन दिन , 480 कि. मी. प्रतिदिन, यात्रा की। उसने. पहले दिन 48 कि. मी. प्रतिघंटे की गति से 10 घंटे यात्रा की, दूसरे दिन , 40 कि. मी. प्रतिघंटे की गति से 12 घंटे यात्रा की, और तीसरे दिन 32 कि. मी., प्रतिघंटे की गति से 15 घंटे यात्रा की। उसकी ओउसत गति प्रतिघंटा ज्ञात कीजिए। (10+10)

(ख) असतत श्रेणियों के लिए समांतर माध्य की दोनों विधियों को उपयोग करते हुए निम्न समंको का समांतर माध्य परिकलित कीजिए :

| अंक | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 8 | 21 | 23 | 17 | 15 | 9 | 5 | 2 |

**5.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिए : (4X5)

(क) मध्यिका इकाई

(ख) ऋणात्मक वैषम्य

(ग) प्रतिदर्श विभ्रम

(घ) वर्गीकरण के उद्देश्य

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **बी. आर. एल. – 113** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **व्यावसायिक नैतिकता** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **बी. आर. एल. – 113/टी. एम. ए./2024** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**क) लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न**

**1.** किसी प्रतिष्ठान द्वारा व्यावसायिक नैतिकता को लागू करने में आने वाली चुनौतियों का वर्णन कीजिए। (10)

**2.** उचित व्यापार सिद्धांत पर्यावरण संधारनीयता के साथ किस प्रकार संबंधित है ? यह संबंध हमारे ग्रह के भविष्य के लिए क्यों महत्वपूर्ण है ? (10)

**3.** कंपनियों को डेटा अनुमति देते समय ग्राहकों की प्रमुख चिंतायें क्या होती हैं ? (10)

**4.** उत्पाद अनुमोदन और ब्रांड सहभागिता सिद्धांत का विवेचन कीजिए। (10)

**5.** मूल्य विभेदन क्या है ? विभिन्न प्रकार के मूल्य विभेदनों को स्पष्ट कीजिए। (10)

**6.** वह कौन से प्रमुख सिद्धांत हैं जो खुदरा व्यापार में नैतिक सिद्धांतो को मजबूत बनाते हैं ? (10)

**7.** वस्तु – सूची के प्रबंधन में नैतिकता के महत्व पर प्रकाश डालिये। (10)

**ख) निबंध उत्तर प्रकार के प्रश्न**

**8.** व्यावसायिक नैतिकता और कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न परिचालन स्तर कौन से हैं ? (15)

**9.** किसी खुदरा कंपनी की सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियाँ कौनसी हैं ? (15)